कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रशासन खण्ड
सिंचाई अनुसंधान संस्थान, रूड़की

पत्रांक –02/प्र0ख0/निष्प्रयोज्य वाहन/नीलामी

दिनांकः– 29/10/2021

**नीलामी की सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड शासन की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रशासन खण्ड सिंचाई अनुसंधान संस्थान, रूड़की द्वारा निम्नलिखित निष्प्रोज्य घोषित वाहनों की नीलामी हेतु बोलियॉ आमंत्रित की जाती है। निष्प्रयोज्य वाहनों की नीलामी दिनांक 17.11.2021(बुधवार) को सिंचाई अनुसंधान संस्थान, रूड़की के आडोटोरियम में पूर्वान्ह 11.00 बजे **"जहॉ है, जैसा है,"** के आधार पर नीलाम किया जायेगा। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित स्थान एंव समय पर बोली में प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किये जाते है। नीलामी से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी एंव आवश्यक नियम एंव शर्ते संस्थान की website www.iriroorkee.res.in. से डाउनलोड कर सकते है अथवा किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में प्रस्तुत होकर धनराशि रू0 200.00 मात्र जमा कराने के उपरान्त प्राप्त कर सकते है।

| क्र0सं0 | विवरण | रजिस्ट्रेशन संख्या | धरोहर राशि (जी0एस0टी0 सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | जीप (डीजल चलित) माडल–1988 | यू0एम0यू0–8590 | रू0 4000+720=4720 |
| 2 | एम्बेस्डर कार (पैट्रोल चलित) माडल–2004 | यू0ए0–07 एच0–0985 | रू0 2300+414=2714 |
| 3 | एम्बेस्डर कार (पैट्रोल चलित) माडल–1992 | यू0पी0–10–ए–3159 | रू0 2300+414=2714 |
| 4 | जीप (डीजल चलित) माडल–1982 | यू0आर0एफ0–8065 | रू0 4000+720=4720 |

29/10

अधिशासी अभियन्ता
प्रशासन खण्ड

पत्रांक– /प्र0ख0/तदिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– मुख्य अभियन्ता स्तर–1 परिकल्प एंव निदेशक, सिंचाई अनुसंधान संस्थान, रूड़की।
2– अधीक्षण अभियन्ता, शोध मण्डल/परिकल्प मण्डल/नलकूप मण्डल, रूड़की।
3– जिलाधिकारी, हरिद्वार।
4– श्री दीप चन्द धीमान, अध्यक्ष निष्प्रयोज्य वाहन नीलामी समिति/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, कलक्ट्रेट, हरिद्वार को इस आशय के साथ प्रेषित है कि नीलामी की तिथि 17.11.2021 को प्रशासन खण्ड, रूड़की में ससमय उपस्थित होने का कष्ट करे।
5– अधिशासी अभियन्ता, परिकल्प खण्ड/सिंचाई खण्ड/नलकूप खण्ड/स्थापना खण्ड/सिंचाई कार्यशाला खण्ड, रूड़की।
6– शोध अधिकारी, आधारान्वेषण इकाई, रूड़की को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त नीलामी की सूचना को संस्थान की बेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करे।
7– सम्भागीय/सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, रूड़की/सदस्य, निष्प्रयोज्य वाहन नीलामी समिति, प्रशासन खण्ड, रूड़की को इस आशय के साथ प्रेषित है कि नीलामी की तिथि 17.11.2021 को प्रशासन खण्ड, रूड़की में ससमय उपस्थित होने का कष्ट करे।
8– सहायक अभियन्ता–द्वितीय, प्रशासन खण्ड, रूड़की को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि इच्छुक बोली दाताओं द्वारा इस खण्ड के नीलाम किये जाने वाले वाहनों का निरीक्षण नीलामी की सूचना प्रकाशन होने के पश्चात नीलामी की तिथि के एक दिन पहले तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से 04.00 बजे तक किये जाना है जिस हेतु आवश्यक व्यवस्थाए पूर्ण करना सुनिश्चित करे।
9– नोटिस बोर्ड सिंचाई अनुसंधान संस्थान/सिंचाई परिकल्प संगठन, रूड़की।

29/10

अधिशासी अभियन्ता
प्रशासन खण्ड

# Annexure-1

## नियम एंव शर्ते:–

1. नीलाम किये जाने वाले वाहनों का निरीक्षण नीलामी सूचना प्रकाशित होने के पश्चात किसी भी कार्य दिवस में नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व (पहले) तक प्रातः 11.00 बजे से 04.00 बजे तक किये जा सकते है।
2. प्रत्येक वाहन की बोली पृथक–पृथक दी जायेगी।
3. वाहन जैसा है, जहॉ है, के आधार पर नीलाम किया जायेगा तथा नीलामी के बाद उसी स्थान से उठाया जायेगा।
4. बोली बोलने वाले व्यक्ति को राजकीय वाहन की नीलामी शर्ते जो भी विभाग द्वारा निश्चित की जायेगी का पालन करना होगा।
5. अधिकतम बोली की राशि पर बोलीदाता को जी0एस0टी0 व अन्य कर अलग से देना होगा।
6. इच्छुक बोलीदाता को नीलामी की तिथि से एक दिवस पूर्व तक धरोहर राशि प्रातः 10.00 बजे से सांयः 04.00 बजे तक नकद जमा करनी होगी। उसके उपरान्त किसी भी बोलीदाता की धरोहर राशि जमा नही की जायेगी। साथ ही बोलीदाता पहचान के लिए मूल आधार कार्ड/वोटर कार्ड/पैन कार्ड अपने साथ लागयेगे एवं समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगे तथा स्वप्रमाणित छायाप्रति देनी होगी।
7. अधिकतम बोलीदाता की धरोहर राशि को समायोजित करते हुए बोली की राशि की 25 प्रतिशत धनराशि बोली छूटने के बाद तुरन्त जमा करनी होगी। बोलीदाता यदि 25 प्रतिशत राशि जमा करने में असमर्थ रहता है तो धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। नीलामी की शेष राशि नीलामी की स्वीकृति के उपरान्त 7 दिवस के अन्दर जमा करनी होगी।
8. नीलामी की स्वीकृति का अनुमोदन सक्षम अधिकारी द्वारा यदि कतिपय कारणों से प्रदान नही किया जाता है अथवा बिलम्ब से प्रदान करने पर बोलीदाता द्वारा जमा धनराशि पर कोई ब्याज का क्लेम मान्य नही होगा।
9. बिना कारण बताये नीलामी अथवा किसी भी बोली को निरस्त करने का अधिकार नीलामी समिति में सुरक्षित रहेगा।
10. नीलामी से सम्बन्धित किसी भी विवाद का दावा माननीय न्यायालय जनपद हरिद्वार के क्षेत्र मे ही मान्य होगा।
11. सक्षम अधिकारी द्वारा वाहन की न्यूनतम बोली की धनराशि निम्नवत निर्धारित की गयी है–

**संदर्भित वाहनों की न्यूनतम बोली की धनराशि**

| क0 सं0 | वाहन संख्या तथा मेक एंव माडल | न्यूनतम मूल्य | वाहन का स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | जीप (डीजल चलित) माडल–1988 | 80,150.00 | कार्यशाला, सिंचाई अनुसंधान संस्थान, रूड़की। |
| 02 | एम्बेस्डर कार (पैट्रोल चलित) माडल–2004 | 46,400.00 | कार्यशाला, सिंचाई अनुसंधान संस्थान, रूड़की। |
| 03 | एम्बेस्डर कार (पैट्रोल चलित) माडल–1992 | 46,400.00 | कार्यशाला, सिंचाई अनुसंधान संस्थान, रूड़की। |
| 04 | जीप (डीजल चलित) माडल–1982 | 80,150.00 | कार्यशाला, सिंचाई अनुसंधान संस्थान, रूड़की। |

29/10

अधिशासी अभियन्ता
प्रशासन खण्ड